THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

DATE- 5/ 11 /2024 **GRADE- 10 AB**	**MT 3 [2024 -25]** **HINDI [2ND Language]**	**Max marks- 20** **Time – 50 mnts**

सामान्य निर्देशः

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और पालन कीजिए:

इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं खंड 'क', 'ख', 'ग' और खंड 'घ'।

प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

खंड 'क'

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक सही विकल्प को चुनकर उत्तर दीजिए- **(3)**

सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लार्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धांत के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहोप को जो सुस्त ढीला-ढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है। बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्रायः यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू,पुर्जे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।जब यह बात विदित हो जाए कि बच्चे की रुचि किस काम की ओर है, तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय की ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम- धंधे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है। जिनके काम-धंधे का पूर्ण प्रतिबिंब बचपन में नहीं दिखता, अपवाद ही हैं । प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी तरह करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(1) लार्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धांत था ?

(i) परिश्रम ही सफलता का आधार है| **(ii)** कविता करने वाला कवि होगा
(iii) मनुष्य एक काम कर सकता है **(iv)** सेना बनाकर चलने वाला सेनापति होता है

(2) स्टेनहोप के विषय में कौन सी बात सही नहीं है ?
(i) वह सुस्त ढीला-ढाला, असावधान था
(ii) वह बड़ा होकर सत्पुरुष बन गया।
(iii) वह जीवन-भर योग्य न बना।
(iv) पिता ने अपने सिद्धांत का स्टेनहोप पर परीक्षण किया।

(3) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढिए। तत्पश्चात नीचे दिए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।
कथन**(A) :** सफ़लता चाहने वाले मनुष्य को अपनी रुचि के कार्यों में उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।
कारण **(R):**उच्च शिक्षा प्राप्त कर कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्यक्षेत्र में सफ़ल हो सकता है।

1. कथन **(A)** सही है **,** कारण **(R)** गलत है।
2. कथन **(A)** गलत है **,** कारण **(R)** सही है।
3. कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही हैं किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता।
4. कथन **(A) (R)** और कारण **(A) (R)** दोनों सही हैं तथा कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(4)बच्चों की स्वाभाविक प्रवृत्तियों को कैसे जान सकते है ? **(2)**

खंड-'ख' **(2x5=10)**

1.सआदत अली कौन था**?** उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा

2.कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वजीर अली ने अपनी हिफ़ाज़त कैसे की**?**

3.सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया**?**

हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे**?**

4.अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं**?** कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

5.वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी**?**

खंड- घ (5)

(रचनात्मक लेखन)

1.पानी का नया कनेक्शन लेने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए। आप **231/3,** बाबा कॉलोनी**,** संतनगर**,** दिल्ली निवासी शैलेंद्र हो।

अथवा

2.भारतीय स्टेट बैंक की राजपुरा रोड**,** दिल्ली शाखा के ग्राहक हैं। आपकी चेकबुक खो गई है। इसकी सूचना देते हुए नई चेकबुक प्राप्त करने के लिए प्रबंधक को आवेदन पत्र लिखिए।